गैरसैंण, सोमवार
20 नवम्बर 2023
वर्षः 14
अंकः 193 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# नितिन गडकरी और सीएम धामी ने किया राहत एवं बचाव कार्य का स्थलीय निरीक्षण



उत्तरकाशी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा पहुंचे। उन्होंने सुरंग में चल रहे राहत एवं बचाव कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने रेस्क्यू की हर संभावनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।मुख्य सचिव एस एस संधू भी उनके साथ मौजूद रहे। केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कहना है पिछले 7–8 दिनों से हम पीड़ितों को बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उन्हें जल्द से जल्द बाहर निकालना उत्तराखंड सरकार और भारत सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यहां काम करने वाले संबंधित अधिकारियों के साथ घंटे भर बैठक की है। उन्होंने कहा कि हम छह वैकल्पिक विकल्पों पर काम कर रहे हैं।भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियां यहां काम कर रही हैं। पीएमओ से भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुरंग विशेषज्ञों और बीआरओ अधिकारियों को भी बुलाया गया है।रोबोट का लिया जाएगा सहाराः उत्तराखंड के जिले उत्तरकाशी की सिलक्यारा निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को अब बाहर निकालने के लिए रोबोट का सहारा लिया जाएगा। आपदा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में अब रोबोट की मदद ली जाएगी।

ये है घटनाक्रमः गौरतलब है कि जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरासू एवं बड़कोट के मध्य सिल्क्यारा के समीप लगभग 4531 मीटर लम्बी सुरंग का निर्माण हो रहा है। इसमें सिल्क्यारा की तरफ से 2340 मीटर तथा बड़कोट की तरफ से 1600 मीटर निर्माण हो चुका है। इसमें 12 नवम्बर 2023 की सुबह सिल्क्यारा की तरफ से लगभग 270 मीटर अन्दर लगभग 30 मीटर क्षेत्र में ऊपर से मलबा सुरंग में गिर गया था। इसमें 41 व्यक्ति फँस गए।

## हार के बाद भावुक हुए रोहित शर्मा, आंखों से छलका आंसू, सिराज को बुमराह ने बाहों में भर दिया दिलासा

नई दिल्ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर छठी बार चैंपियन बना। कंगारू टीम ने 2003 की ही तरह भारत के चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। हार के बाद जहां फैंस मायूस दिखे तो कप्तान रोहित शर्मा भी अपनी भावनाओं को नहीं रोक पाए और उनकी आंखें नम हो गईं। भारत की हार के बाद देश भर में मायूसी छा गई। स्टेडियम में मौजूद सभी फैंस की उम्मीदों को झटका देकर भारत को चैंपियन बनते देखने का सपना चकनाचूर कर दिया। वापस ड्रेसिंग रूम की तरह जाते समय रोहित भी अपनी भावनाओं पर नहीं काबू पा सके और उनकी भी आंखें नम हो गईं। ड्रेसिंग रूम की तरफ जाते समय रोहित की आंखों में आंसू दिखे।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

रोहित को मायूस होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रोहित के आलावा विराट कोहली, मोहम्मद सिराज की भी आंखे नम दिखी। सिराज को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दिलासा दिया।

**ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया**

बता करें मैच कि तो ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 240 रन बनाए। रोहित ने 47 रन की तेज पारी खेली। वहीं, कोहली ने 54 रन और केएल राहुल ने 66 रन की पारी खेली। मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## ओडिशा में आदिवासियों की जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया का निर्णय स्थगित



भुवनेश्वर। ओडिशा में आदिवासियों को अपनी जमीन गैर आदिवासियों को भी बेचने की छूट दिए जाने से संबंधित राज्य कैबिनेट के निर्णय को सरकार ने विपक्षी दलों के विरोध को देखते हुए स्थगित कर दिया है। राजस्व मंत्री सुदाम मरांडी ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी है।

बता दें कि चार दिन पहले ओडिशा सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस निर्णय का भाजपा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों समेत कई सामाजिक संगठन विरोध कर रहे थे। उनका तर्क था कि यह नियम लागू होने से आदिवासियों से उनकी जमीन छिन जाएगी और उनकी भूमि पर उद्योगपतियों, धनाढ्यों व दबंग लोगों का कब्जा हो जाएगा।

**गैर अनुसूचित जनजाति व्यक्ति को भी जमीन–मकान बेच सकेंगे**

बता दें कि 14 नवंबर को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में रेगुलेशन– दो 1596 के संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। कैबिनेट ने निर्णय लिया था कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति अगर चाहें तो गैर अनुसूचित जनजाति व्यक्ति को भी जमीन–मकान बेच सकेंगे। कृषि, आवासीय, गृह निर्माण, बच्चों की उच्च शिक्षा, आत्मनियुक्ति, व्यवसाय या छोटे उद्योग स्थापित करने के लिए गैर अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को चाहें तो अपनी जमीन को गिरवी रख सकते हैं या बेच सकता है।

## बंगाल की कई नगर पालिकाओं में बायोमेट्रिक्स रिकॉर्ड ईडी की जांच के दायरे में

कोलकाता,पश्चिम बंगाल में कई नगर पालिकाओं में बायोमेट्रिक्स उपस्थिति रिकॉर्ड और मैन्युअल उपस्थिति रजिस्टर वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में हैं, जो नौकरी के लिए नकद मामले की जांच कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि कथित घोटाले में नौकरी के लिए नकद के पहलू की जांच करते समय, जांच अधिकारियों को मामले में एक नई तरह की अनियमितता का पता चला है, जहां नकद भुगतान करके नौकरी पाने के लिए जांच के दायरे में आने वाले लोग उपस्थिति और अनुसूची के अनुसार कर्तव्यों का पालन करने में अत्यधिक अनियमित थे। इस मामले में कुल 10 नगर पालिकाएं ईडी की जांच के दायरे में आ गई हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले कुछ सालों के दौरान उनके सभी कर्मचारियों के बायोमेट्रिक्स उपस्थिति रिकॉर्ड और मैन्युअल उपस्थिति का विवरण मांगा है। संयोग से, सूत्रों ने कहा, इस मामले में केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों की जांच के दायरे में आने वाली इन दस नगर पालिकाओं में से अधिकांश उत्तर 24 परगना से हैं। इन प्रमुख नगर पालिकाओं में उत्तरी दम दम, दक्षिणी दम दम, कमरहाटी और बैरकपुर शामिल हैं। ईडी के अधिकारियों ने पहले ही इस बात की जांच शुरूकर दी है कि क्या गिरफ्तार मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का राशन वितरण मामले के अलावा नगर पालिकाओं की भर्ती अनियमितताओं के मामले से भी कोई संबंध था।

## कांग्रेस वाले एक दूसरे को रन आउट करने में लगेः मोदी

### राजस्थान में पीएम के भाषण में क्रिकेट का तडक़ा

चूरू, चूरू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को सम्भोदित कलरते हुए कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा क्रिकेट में बैट्समैन आता है और अपनी टीम के लिए रन बनाता है। लेकिन कांग्रेस वालों में ऐसा झगड़ा है कि रन बनाना तो दूर... ये लोग एक–दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं।कांग्रेस सरकार के 5 साल एक–दूसरे को रन आउट करने में बीत गए। जो बचे हैं, वो महिलाओं और अन्य मुद्दों पर गलत बयान देकर हिट विकेट हुए जा रहे हैं, और बाकी जो हैं, वो पैसे लेकर, रिश्वत लेकर मैच फिक्सिंग कर लेते हैं और कुछ काम नहीं करते।

मोदी ने कहा ये वीर धरा है, जहां के बेटों का शौर्य पूरे देश को सुरक्षित रखने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है।ऐसी भूमि की संतानों को कांग्रेस ने छलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां के वीरों को वन रैंक वन



पेंशन के मुद्दे पर कांग्रेस ने दशकों तक लटकाया, भटकाया, अटकाया और खूब तरसाया। उन्होंने कहा कांग्रेस के लूट के लाइसेंस की पूरी कहानी लाल डायरी में दर्ज हैं और अब धीरे–धीरे लाल डायरी के पन्ने खुलने लगे हैं।

## केदानाथ धाम में पहुंचे सबसे ज्यादा तीर्थ यात्री, शीतकाल में यहां होंगे दर्शन

देहरादून। गंगोत्री–यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चार धाम यात्रा का भी समापन हो गया है। कपाट बंद होने के बाद अब तीर्थ यात्री अब चारों धामों के शीतकालीन प्रवास में भगवान के दर्शन कर पाएंगे। इस साल 2023 में चार धाम में रिकार्ड 54 लाख तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए। जबकि पिछले साथ चारों धामों के दर्शन करने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या 45 लाख के करीब थी। शनिवार को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही शीतकाल के लिए चारधाम यात्रा बंद हो गई है। इससे पहले केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद हुए थे, जबकि गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर को तीर्थ यात्रियों के लिए बंद कर दिए गए थे। कमिश्नर कार्यालय के चारधाम कंट्रोल रूम के आंकड़ों के अनुसार इस साल चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की कुल संख्या 54 लाख के करीब थी। इसमें सबसे अधिक 1961025 लाख से अधिक तीर्थ यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। बदरीनाथ धाम के दर्शनों के लिए 1835132



लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे। गंगोत्री में 905174 जबकि यमुनोत्री में 735244 तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस साल पिछले साल की तुलना में चारधाम में तकरीबन नौ लाख तीर्थ यात्री अधिक पहुंचे।शीतकाल में पूजा पांडुकेश्वर में होगी बदरीनाथ। शीतकाल के लिए भगवान बदरी विशाल के कपाट शनिवार को पूजा–अर्चना और विधि विधान के साथ बंद हो गये हैं। अब भगवान बदरी विशाल की पूजा मानवों द्वारा योग–ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर में और कुबेर जी की पूजा दर्शन कुबेर मंदिर पांडुकेश्वर में होगी।बदरीनाथ के वेद पाठी रवीन्द्र भट्ट, जगबीर मेहता, अजीत मेहता ने बताया कि शीतकाल के लिए भगवान बदरी विशाल के कपाट बंद होने पर भगवान बदरी विशाल के रूप में उद्धव जी की डोली पांडुकेश्वर लायी जाती है।

**केदारनाथ–बदरीनाथ, गंगोत्री–यमुनोत्री के शीतकाल में यहां दर्शन**

भगवान केदारानाथ और यमुनोत्री मंदिर के कपाट 15 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए रवाना हो गई थी। अब शीतकाल में यहीं पर भगवान केदारनाथ के दर्शन होंगे।

## भारत ने दूसरी बार फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए भेजी राहत सामग्री

नईदिल्ली,इजरायल–हमास युद्ध के बीच भारत सरकार ने एक बार फिर गाजा पट्टी में प्रभावित फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए बड़ी मदद भेजी है।रविवार को नई दिल्ली से भारतीय वायुसेना का दूसरा सी–17 विमान 32 टन की सहायता सामग्री लेकर मिस्र के एल–अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ।इस बीच भारत के विदेश मंत्रालय ने युद्ध प्रभावित फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि भारत आगे भी प्रभावित लोगों की मदद करता रहेगा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी।उन्होंने लिखा, हम फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। भारतीय वायुसेना का दूसरा सी–17 विमान युद्ध प्रभावित फिलिस्तीनियों के लिए 32 टन राहत सामग्री लेकर मिस्र के एल–अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गया है।

## आंदोलन जारी रखने का लिया निर्णय

**कोटद्वारः** राजकीय शिक्षक संघ की विकास खंड दुगड्डा शाखा के शिक्षकों की बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन को जारी रखने का फैसला लिया गया। इस संबंध में संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन के अंतर्गत प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विकासखंड दुगड्डा के विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाचार्य अपने प्रभारी प्रधानाचार्य दायित्व से मुक्त होकर कार्य कर रहे हैं। चेतावनी दी कि सरकार द्वारा संघ की मांगों को न मानने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। बैठक में मुकेश रावत, युगजीत सेमवाल, बीआर भारद्वाज, मनमोहन सिंह चौहान, संजय रावत, रमाकांत कुकरेती, किशोर बिडालिया, प्रदीप बिष्ट, अखिलेश नेगी और देवेंद्र रावत सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# मालन नदी में एक और वैकल्पिक मार्ग हुआ तैयार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बरसात के दौरान धराशायी हुए मालन नदी के पुल के समीप एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार कर दिया गया है। इससे भाबर व कोटद्वार के लिए आवाजाही करने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। रविवार से उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है।

जुलाई माह में कोटद्वार से भाबर को जोड़ने वाला मालन नदी का पुल ढह गया था। जिसके बाद प्रशासन ने मोटाढांक के समीप बेलगिरी आश्रम के समीप नदी में ह्यूमपाइप डालकर वैकल्पिक मार्ग बनाया। इस मार्ग पर पहुंचने के लिए वाहन चालकों को लंबा फेरा लगाना पड़ रहा था। साथ ही मार्ग स्थिति भी बदहाल हो चुकी थी। ऐसे में क्षेत्रीय जनता धराशायी पुल के समीप से ही वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग उठा रही थी। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग को पुल के समीप से वैकल्पिक मार्ग बनाने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार शाम तक मार्ग पर कार्य पूर्ण कर इसे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। यह वैकल्पिक मार्ग बनने से भाबर व कोटद्वार की जनता को आवाजाही करने में सुविधा मिलेगी। सबसे अधिक लाभ सिडकुल स्थित ग्रोथ सेंटर में काम करने वाले युवाओं को मिलेगा। कहा कि धराशायी हुए पुल की मरम्मत का कार्य भी जल्द प्रारंभ कर दिया जाएगा।



वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण करते जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत व अन्य

# म्यूजिकल रेस में साहिस्ता परवीन रही प्रथम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज, मानपुर के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का पहला दिन अभिभावक दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर अभिभावकों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान हुई म्यूजिकल रेस में साहिस्ता परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत कप्तान चंद्र प्रसाद धूलिया, श्रीकांत प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से अभिभावकों का उत्साहवर्धन होता है। इस मौके पर हुई म्यूजिकल रेस में साहिस्ता परवीन, संगीता बिष्ट, शमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता के महिला वर्ग में सुमन विजेता और शन्नो उपविजेता रहे। पुरुष वर्ग में शिव विजेता और उदय बिष्ट उपविजेता रहे। बाल पासिंग में अंकिता नेगी, मीना नेगी, शमा, कप हेड वॉक में शन्नो, नीतू, रुचिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक अनुराधा भारद्वाज, प्रधानाचार्य वरुण भदूला आदि मौजूद रहे। संचालन मधुमिता जखमोला और नीलम नेगी ने किया।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते अभिभाव

# सुरंग में फंसे लोगों को निकालने में देरी, जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों के रेस्क्यू में हो रही देरी के खिलाफ आइसा छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने घटना के लिए कार्यदायी कंपनी को दोषी करार देते हुए कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली ने कहा कि चारधाम सड़क निर्माण कर रही कंपनी एनएचआईडीसीएल ने मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया है। कंपनी के खिलाफ मजदूरों का जीवन खतरे में डालने का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल ने कहा कि कंपनी पहाड़ों को तहस नहस करने का काम कर रही है।आइसा की नगर सचिव प्रियंका खत्री ने कहा कि यह पहला मामला नहीं इससे पहले जुलाई 2020 में नरेंद्रनगर के खेड़ा गांव में पुश्ता ढहने से तीन लोगों की दबने से मौत हो गई थी। 21 दिसंबर 2018 को रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड राजमार्ग पर सड़क निर्माण के मलबे में दबकर सात मजदूरों की जान गई।

इससे साफ है कि सड़क निर्माण कर रही कंपनी काम के प्रति लापरवाह है। इस पूरे प्रकरण ने राज्य के आपदा प्रबंधन तंत्र की पोल खोलने का काम का किया है। प्रदर्शन करने वालों में अतुल सती, समरवीर रावत, हिमांशी नौटियाल, उदित कुमार, शिवांक नौटियाल, आशुतोष नेगी, तनिष्क सती, मनोहर सिंह, सौरभ पंवार आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर कांग्रेस ने इंदिरा गांधी को किया याद

**कोटद्वारः** महानगर कांग्रेस की ओर से देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देश की बेहतर तरक्की के लिए इंदिरा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 19 नवम्बर 1917 को हुआ था। उन्हें विश्व भर के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया था। वे शुरू से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहीं। उन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान कांग्रेस पार्टी की सहायता के लिए 1930 में बच्चों के सहयोग से 'वानर सेना का निर्माण किया। अपने प्रधानमंत्री पद के कार्यकाल के दौरान उन्होंने देश हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुनीता बिष्ट, जानकी बुड़ाकोटी, सुधा असवाल, ज्योति,दीपा, लता, विमला रावत व सुनीता रावत को सम्मानित किया गया।




इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

# भागवत कथा सुनने पहुंचे सांसद व प्रदेश अध्यक्ष

**पौड़ीः** कल्जीखाल के चोपडा में भागवत कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। यहां ब्लाक प्रमुख महेन्द्र राणा अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में भागवत कथा करवा रहे हैं। कथा व्यास आचार्य शिवप्रसाद मंमगाई ने माता-पिता व गुरू को प्रत्यक्ष देवता बताया। कहा कि इनका नित्य प्रति स्मरण कर उनका आदर करना चाहिए। श्रीराम ने माता–पिता के कहने पर अपने राजपाट का त्याग कर वन को गमन किया। कथा श्रवण के लिए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, पूर्व सीएम एवं सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत व विधायक लैंसडौन दलीप रावत भी पहुचे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि धर्म हमें जोडना सिखाता है। धार्मिक आयोजनों से समाज को एकजुट करते रहना चाहिए। सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाने के लिए इस प्रकार के आयोजन करने जरूरी है। हमारी युवा पीढ़ी धर्म से भटक रही है। महंत एवं विधायक लैंसडाउन दिलीप रावत ने कहा कि हमारे धार्मिक प्रदेश में धार्मिक कार्यक्रम होने चाहिए। इससे हमारे समाज को नई दिशा मिलेगी। कथा श्रवण के लिए पूर्व विधायक टिहरी जोत सिंह बिष्ट भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाज आज अत्याधुनिक दुनिया की चकाचौंध में धार्मिक कामों के मूल्य को भूल रहा है। इस दौरान पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी, ब्लाक प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी, भाजपा जिला अध्यक्ष पौडी सुषमा रावत, मातवर सिंह रावत, विजय रौथाण आदि ने भी कथा श्रवण किया।

# भारतीय टीम के बल्ले से निकले चौके, छक्के, ढौल-नगाड़ों के साथ झूमे क्रिकेट प्रेमी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारत व आस्ट्रेलिया के बीच हुए वर्ल्ड कप फाइनल को लेकर शहरवासियों में उत्साह बना हुआ है। शहर में जगह-जगह चौराहों पर बड़ी स्क्रीन में मैच दिखाया गया। इस दौरान भारतीय टीम के बल्ले से चौके, छक्के छूटते ही क्रिकेट प्रेमी ढौल-नगाड़ों के साथ झूम रहे थे।

रविवार दोपहर दो बजे भारत व अस्ट्रेलिया के बीच फाइनल वर्ल्ड कप का मुकाबला शुरू हुआ। लेकिन, उससे पहले ही शहर के मालवीय उद्यान के साथ ही भाबर के विभिन्न स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगनी शुरू हो गई थी। मैच का लुफ्त उठाने के लिए चौराहों में शहरवासियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। देश के खिलाड़ियों के बल्ले से चौके, छक्के छूटते ही दर्शक हाथ में तिरंगा पकड़कर झूम रहे थे। नजीबाबाद रोड निवासी सुवेग जोशी ने बताया कि मैच को यादगार बनाने के लिए मालवीय उद्यान में क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। क्रिकेट के फाइनल वर्ल्ड के दौरान किसी तरह का हुडदंग न हो इसके लिए मौके पर पुलिस टीमें भी तैनात की गई थी।

हालांकि सभी क्रिकेट प्रेमी पूरे उत्साह से शांति पूर्वक मैच का लुफ्त उठाते हुए नजर आए। मालवीय उद्यान में दर्शकों के बैठने के लिए कुर्सी की भी व्यवस्था की गई थी। समय–समय पर दर्शकों को पानी भी पिलाया जा रहा था।




कोटद्वार के मालवीय उद्यान में बड़ी स्क्रीन में मैच का लुफ्त उठाते दर्शक



अपने चेहरे पर तिरंगा बनाकर पहुंचा क्रिकेट प्रेमी

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

**रुद्रपुर(सं)।** खटीमा की युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि आरोपी ने उसके साथ शादी करने का वादा किया था। वह दोनों रुद्रपुर में कमरा किराए पर लेकर साथ रह रहे थे। आरोप है कि इस दौरान युवक के परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट की। आरोपी अब उसके साथ शादी करने से इनकार कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वरुण कांग्रेस के रुद्रपुर विस क्षेत्र प्रभारी बने

रुद्रपुर(सं)। क्षेत्र के युवा कांग्रेसी नेता वरुण कपूर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर उन्हें यह पद दिया गया है। वरुण ने प्रदेश अध्यक्ष सहित उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी का आभार प्रकट करते हुए उनको मिले दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की बात कही है। सिद्धार्थ भुसरी विशु, किशोर हालदार, गुरबाज विर्क, संजीव झाम, शदाब पाशा, जुगनू सुखीजा सहित तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## कार्यकाल को 5वर्ष पूरे, घोषणाएं अधूरी

पिथौरागढ़(सं)। आम चुनाव के दौरान वोट पाने को जनप्रतिनिधि जनता से ढेर सारे वायदे करते हैं, लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद उन वायदों और घोषणाओं को वे भूल जाते हैं। ऐसा ही कुछ नगरपालिका और नगर पंचायत में भी देखने को मिला है। जनपद में तीन नगरपालिका और दो नगर पंचायत हैं। आज ही के दिन 20 नवंबर 2018 को निकाय चुनाव का नतीजा आया। कार्यकाल को पांच साल पूरे हो गए हैं, लेकिन पिथौरागढ़ नगरपालिका को छोड़ दे तो अधिकतर जगह चुनावी घोषणा ही अधर में लटकी हुई है। कहीं पार्किंग के लिए लोगों का इंतजार खत्म होने काह्न नाम नहीं ले रहा है तो कहीं बेहतर सफाई व्यवस्था आज भी लोगों के लिए सपना बनी हुई है।

## थल पुलिस ने अवैध खनन सामाग्री पकड़ी

पिथौरागढ़(सं)। थल पुलिस ने अवैध खनन से भरी पिकप पकड़ी है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पिकप संख्या यूके05सीए 4192 को रोका। जांच के दौरान पिकप में आठ कुंतल रोड़ी बरामद हुई। पुलिस ने खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज किया है।

## डीडीहाट जिले की झूठी घोषणा के बारे में बताएं विधायक

**पिथौरागढ़(सं)।** कांग्रेस नेता और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रमेश कापड़ी ने डीडीहाट जिले को लेकर हुई घोषणा की सच्चाई जनता के बीच में लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधायक मयूख महर के कार्यकाल के दौरान थल, देवलथल, कनालीछीना तहसील का दर्जा दिलाया। परगना पद स्वीकृत करने के लिए वर्तमान में उन्हें कौन रोक रहा है। डबल इंजन में पानी हो या स्वास्थ्य, सड़क सबके लिए लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। कहा कि विधायक निधि कार्यकर्ताओं को बांटकर वह विकास की बात कर रहे हैं। डीडीहाट विधायक चुफाल के उत्तर के बाद कांग्रेस नेता कापड़ी ने पलटवार किया है। कहा कि चुफाल सीएम को छोड़कर कैबिनेट मंत्री, केएमवीएन अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पदों पर रह चुके हैं और डीडीहाट की जनता आम समस्याओं से जूझ रही है। कहा कि डीडीहाट जिले को लेकर विधायक फर्जी जीओ लेकर जनता के बीच गए उसका अभी तक क्या हुआ ये भी जनता को बताना चाहिए। डीडीहाट में साहसिक पर्यटन केंद्र प्रस्तावित था पर वह स्थानांतरित क्यों हुआ। डीडीहाट की जनता भू स्वामित्व को लेकर परेशान है।

# नेता प्रतिपक्ष आर्य ने किया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण

**काशीपुर(सं)।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने जनजाति समाज के लोगों और अभिभावकों को आश्वस्त किया कि अब जल्द ही इस भूमि पर 16 करोड़ की लागत से आवासीय विद्यालय का निर्माण होगा। इसका लाभ जनजाति समाज के छात्र छात्राओं को मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माण में बहुत सी रूकावटें आ रही थीं, लेकिन उन सभी रूकावटों को अब दूर कर दिया गया है। ऐसे में अब जल्द ही इस भूमि पर 16 करोड़ की लागत से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का



निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जब से इस विधानसभा में आए हैं, उन्होंने विकास के मामले में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वहीं टनल में फंसे मजदूरों को लेकर उन्होंने कहा कि लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी तक मजदूरों को बाहर नहीं निकाला गया है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर सरकार को और गंभीर होना होगा तथा जल्द से जल्द मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालना होगा। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने क्षेत्र में लोगों के यहां पहुंचकर शोक प्रकट किया।

मौके पर डीके जोशी, पवन शर्मा, सत्यवान गर्ग, महेश कुमार आशू, निसार अहमद, सियाराम, जगजीत सिंह, परमजीत हांडा, प्रमोद जोशी, गुरचरण, हरीश कांडपाल, पंचम सिंह, नितिन बिष्ट, संदीप आनंद, परवेज, अमर रंधावा, पूरन बिष्ट, रजत भंडारी, मोहन सिंह, अमर रंधावा, बलवीर सिंह, राहुल वर्मा, यावर, तोता राम आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

## बाजपुर में गन्ने के खेत में मिला सड़ा गला शव

रुद्रपुर(सं)। गन्ने के खेत में युवक का सड़ा गला शव मिलने से हड़कंप मच गया। खेत स्वामी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया व उसका पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं शव के पास मिली जहर की शीशी से अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या की होगी। फिर भी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। ग्राम मुड़िया कला में गन्ना केन यार्ड के पास से गुजर रहे हाथी चिंघाड़ नाले के पास चीनी मिन निवासी रामाकांत और रामानंद का गन्ने का खेत है। छठ पूजा को लेकर रामांकत रविवार को सुबह अपने खेत में गन्ना लेने गये थे। उन्हें वहां तेज दुर्गंध महसूस की और खेत में जाकर देखा तो वहां एक व्यक्ति का सड़ा गला शव पड़ा था। उन्होंने इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने शव को लोगों की मदद से खेत से बाहर निकाला। वहीं शव का शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। सीओ ने बताया कि शव करीब 5 से 6 दिन पुराना लग रहा है। शव के पास एक नुवान की शीशी तथा एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल भी मिली है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**रुद्रपुर(सं)।** न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने के नाम पर 34 लाख की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। ग्राम मल्सी रुद्रपुर निवासी बलजिंदर सिंह और मंजीत सिंह के पत्र पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पीड़ितों का कहना था कि अप्रैल माह में ग्राम मनकरा फरदीया बहेड़ी बरेली निवासी दलबीर सिंह, सिमरजीत कौर पुत्री दलबीर सिंह, सतविंदर पाल सिंह और अमनदीप कौर पत्नी सतविंदर पाल सिंह रुद्रपुर आए थे। इस दौरान वे लोग उसके घर आए और उसे बताया कि सतविंदर पाल और अमनदीप का ओवरसीज नाम से पीलीभीत में कार्यालय है। वह कई लोगों को वीजा लगवाकर विदेश भेज चुके हैं। उन पर विश्वास कर दोनों तहेरे भाइयों ने अलग–अलग किस्तों में करीब 34 लाख रुपये उन्हें दे दिए। चार अगस्त को दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के गेट पर फ्लाइट उड़ने में बहुत कम समय रह जाने पर सतविंदर के भेजे व्यक्ति ने वीजा, पासपोर्ट और टिकट दिया। कम समय रहने पर वह फ्लाइट में बैठ गए। बताया कि जब न्यूजीलैंड पहुंचे तो इमिग्रेशन के कर्मियों ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

बताया कि वीजा फर्जी कारोबार दिखाकर लगवाया गया है। पांच दिन वह जेल में रहे और नौ अगस्त को घर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अपनी रकम वापस करने की मांग की। आरोप था कि इसके बाद उन लोगों ने रकम देने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। इसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में पत्र दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को ग्राम मुड़लिया इलाही बख्श अमरिया पीलीभीत निवासी सतविंदर पाल सिंह पुत्र संतोख सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आईआईआईटी स्थापित करने की मांग

**काशीपुर(सं)।** काशीपुर के कुंडेश्वरी स्थित एस्कोर्ट फार्म में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) अथवा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च खोलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। काशीपुर डपलपमेंट फोरम(केडीएफ) का एक प्रतिनिधिमंडल इस मांग को लेकर शीघ्र ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल और उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से मिलेगा।

केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल उत्तराखंड में तीन आईआईटी और एक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च खोलने की घोषणा की है। इस संबंध में उनकी प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत से चर्चा हो चुकी है। काशीपुर में इंस्टीट्यूट स्थापित करने के लिए कुंडेश्वरी स्थित एस्कोर्ट फार्म में पर्याप्त जगह है। यहां 1100 एकड़ भूमि सीलिंग में निकली थी। इसी स्थान पर आईएमएम भी है। यहां इंस्टीट्यूट खोले जाने से काशीपुर के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। घई ने बताया कि इस मांग को लेकर केडीएफ का शिष्टमंडल केंद्रीय मंत्री डॉ. निशंक और उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह से मिलेगा।

## लव मैरिज को लेकर भिड़े वर–वधू पक्ष, मारपीट

काशीपुर(सं)। लव मैरिज को लेकर वर और वधू पक्ष के बीच जमकर लाठी–डंडे चले। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आई हैं। एक–दूसरे की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कचनालगाजी गड्डा कालोनी में एक युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते पड़ोस के ही एक युवक के साथ गुपचुप निकाह रचा लिया। कुछ दिन बाद वह अपने पति के घर चली गई। इस बात की जानकारी होने पर युवती पक्ष के लोग युवक के घर जा धमके और उसे जबरन घर वापस लाने के लिए दबाव बनाने लगे। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। एक पक्ष की ओर से शौकीन जहां ने नक्शे अली, दानिश, सानू, अमीर जहां और तमंशा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शौकीन जहां का कहना है कि वह अमन से प्यार करती है, लेकिन उसके परिवार के लोग उसका विवाह अन्यत्र करना चाहते हैं इसी के चलते इन लोगों ने मारपीट की। जबकि दूसरे पक्ष के नक्शे अली ने अजहर, फरदीन, अमन, हारुन व इकराम के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

## प्लॉट का बैनामा कराने के नाम पर दो लाख की धोखाधड़ी

**काशीपुर(सं)।** प्लॉट का बैनामा कराने के नाम पर दो लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में ग्रामीण ने पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामनगर खागुवाला गांव थाना ठाकुरद्वारा निवासी मोहम्मद जफर ने कहा कि महुआ डाबरा निवासी फहीम से उसकी जान पहचान थी।

# सामंत, भट्टी और विनोद की प्रस्तुति पर झूमे दर्शक

**पिथौरागढ़(सं)।** महाकाली महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। दूसरे दिन गायक सीडीएस भट्टी और विनोद आर्या ने अपने प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

ठंड के बावजूद देर रात दर्शकों की भीड़ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाती नजर आई। महाकाली महोत्सव में शनिवार रात कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राम सिंह बिष्ट, सुरेश जोशी व विशिष्ट अतिथि ठाकुर सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान उन्होंने आयोजक समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के महोत्सव नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में सहायक साबित हो रहे हैं।

बाद में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मनोज सामंत ने महाकाली के भजन के साथ शुरुआत करते अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। दिल्ली से आए विनोद आर्या व उनकी टीम ने महाकाली द्वारा रक्तबीज राक्षस के वध के प्रसंग के अभिनय को जीवंत करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

वहीं सीडीएस भट्टी के पंजाबी व बॉलीवुड गीतों पर दर्शक जमकर झूमे। स्थानीय लोक कलाकार ठाकुर राम टम्टा, दीनू टम्टा,सान्वी,आकांक्षा रौतेला व राजेंद्र प्रसाद, मां महाकाली शारदे संगीत एकेडमी, गाइड लाइन पब्लिक स्कूल, ग्रूवअप डांस स्टूडियो, संजना ग्रुप, वीआर वन डांस ग्रुप ने भी शानदार प्रस्तुति दी। संचालन त्रिभुवन बिष्ट, विजय खत्री, वेद शर्मा ने किया।

## पार्सल डिलीवरी के 7 लाख रुपये लेकर मैनेजर फरार

**काशीपुर(सं)।** एक प्राइवेट कंपनी का मैनेजर पार्सल डिलीवरी के सात लाख रुपये लेकर फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस जांच में जुटी है। दढ़ियाल रोड एक्सप्रेस वैक्स के मालिक ओमप्रकाश प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव मिमला, धक्का कर्मचंद जिला बिजनौर निवासी सौरव कुमार पुत्र कर्मवीर सिंह उनकी पार्सल कंपनी की काशीपुर शाखा में पिछले दो साल से शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। 11 अक्तूबर 2023 को वह शाखा के लॉकर से 7 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। फोन पर बात करने पर उसने शाम पांच बजे तक रकम जमा कराने की बात कही, लेकिन उसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा है। ओमप्रकाश का कहना है कि यह रकम कंपनी की शाखा में पार्सल डिलीवरी से मिली थी। पार्सल डिलीवरी की राशि उन्हें रोज बैंक में जमा करानी होती है। इसका भुगतान संबंधित ग्राहक को करना होता है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सौरव के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गांव में नशा फैला रहे लोगों की सूचना पुलिस को दें

**पिथौरागढ़(सं)।** बलुवाकोट पुलिस ने क्षेत्र में नशे पर रोकथाम लगाने को स्थानीय महिलाओं के साथ बैठक की। थानाध्यक्ष अनिल आर्या की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान महिलाओं ने क्षेत्र में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति जताई। उन्होंने कहा कि बड़ों के बाद युवा वर्ग भी तेजी से नशे के गिरफ्त में फंसता जा रहा है। थानाध्यक्ष आर्या ने कहा कि नशे पर रोक लगाने के लिए पुलिस तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने महिलाओं से भी नशा तस्करी करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को देने को कहा है।

## छठ पूजा: व्रती श्रद्धालुओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य दिया

**रुद्रपुर(सं)।** छठ महापर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व के तीसरे दिन छठी व्रतधारियों ने पानी में खड़े होकर डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। रविवार को पूर्वांचल समाज के लोग ढोल बाजे के साथ छठ मैया के लोकगीत गाते हुए देवहा पोषक नहर पर बने छठ घाट पहुंचे।

17 नवंबर से नहाए खाए के साथ छठ महापर्व के तीसरे दिन सजे हुए छठ घाट पर श्रद्धालुओं ने छठ मैया की बेदी पर पूजा–अर्चना कर अपने बच्चों के स्वस्थ एवं लंबी आयु की छठी मैया से आराधना की। संध्याकालीन डूबते सूरज को जल में खड़े होकर छठी व्रत धारी श्रद्धालु मीनाक्षी मिश्रा, रंजू देवी, सुधा देवी, माया देवी, द्रोपती चौरसिया,कुसुम देवी, सुनीता देवी, शैलेन्द्र गुप्ता ने अर्घ्य दिया।

# दिल्ली में वायु प्रदूषणः केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस—6 बसों को अनुमति



नई दिल्ली,दिल्ली के वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली में ग्रेप –4 की पाबंदियां हटा ली गयी है। लेकिन ग्रेप–1 , ग्रेप–2 और ग्रेप–3 की पाबंदियां अभी लागू रहेंगी।

दिल्ली में निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर अभी रोक लगी रहेगी। साथ ही बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल गाड़ियों के संचालन पर प्रतिबंध जारी रहेगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के मुताबिक फिलहाल दिल्ली में सिर्फ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस–6 बसें ही आ सकती है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पानी के छिडकाव लगातार करने का आदेश दिया गया है।

राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में पिछले दो दिनों से लगातार सुधार देखा जा रहा है। रविवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 290 तक पहुंच गया है। उन्होंने दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत के लोगों से निवेदन किया कि प्रदूषण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी हमें सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम के आदेश के अनुसार, दिल्ली में ग्रेप –4 की पाबंदियां को हटा दी गई है। ट्रकों की एंट्री पर प्रतिबंध हटा लिया गया है। लेकिन ग्रेप–1, ग्रेप–2 और ग्रेप–3 की पाबंदियां अभी लागू रहेंगी। बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू रहेगा। एनसीआर से दिल्ली में सिर्फ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस–6 बसें ही आ सकती है। राय ने बताया कि ग्रेप–3 के तहत दिल्ली में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। निर्माण तथा विध्वंस पर बैन से कुछ विभागों को छूट है, लेकिन उन्हें निर्माण तथा विध्वंस के लिए जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना पड़ेगा। रेलवे स्टेशन, मेट्रो, हवाई अड्डे, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित निर्माण तथा विध्वंस साइट, अंतर्राज्यीय बस अड्डे, अस्पताल, सडक़ एवं राजमार्ग, फ्लाईओवर, बिजली, सीवर लाइन, स्वचछता परियोजनाओं पर निर्माण संबंधी छूट रहेगी। इसके साथ–साथ दिल्ली के अंदर जो इंटीरियर वर्क है, जैसे प्लम्बिंग, बिजली फिटिंग और फर्नीचर के काम की छूट रहेगी। निर्माण तथा विध्वंस स्थलों पर बोरिंग, ड्रिलिंग, खुदाई तथा भराई के काम पर अभी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। निर्माण एवं बिल्डिंग संचालन सहित तमाम संरचनात्मक निर्माण कार्य हैं, उस पर पूरी तरह बैन रहेगा।

# राजस्थान की जनता 25 नवम्बर को बता देगी कि उसे जनहितैषी सरकार चाहिएःअशोक गहलोत



झुंझुंनू , मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की 7 गारंटियों और कांग्रेस सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर पब्लिक से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। अभी तक कांग्रेस की गारंटियों के लिए लगभग 1 करोड़ रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। ग्राउंड से जो फीडबैक मिल रहा है, जनता का प्यार और साथ मिल रहा है, उससे हम सभी बेहद उत्साहित हैं। हम पूरे भरोसे से कह सकते हैं कि राजस्थान में कांग्रेस एक बार फिर से सरकार बनाने जा रही है और हम रिवाज बदलने जा रहे हैं। गहलोत ने रविवार को नवलगढ़, खेतड़ी, चौमूं आदि स्थानों पर आयोजित जनसभाओं में यह बातें कहीं। उन्होंने महिलाओं को चुनावों में बढ़–चढक़र भागीदारी करने और वोट डालने का संदेश भी दिया। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने महंगाई राहत कैंप में पहले 10 गारंटियां दी थीं और बड़े स्तर पर प्रदेशवासियों को इसका लाभ भी मिला। अब कांग्रेस 7 और गारंटियां दे रही हैं और सरकार बनते ही ये वादे भी पूरे होंगे। कांग्रेस जनता के कल्याण में भरोसा करती है। सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा और उपचार की सुविधा कांग्रेस ने शुरू की थी। स्टूडेंट्स को लेपटॉप, स्कूटी, साइकिल कांग्रेस ने दी थी। 500 रुपये में सिलेंडर देना हमने शुरू किया। महिलाओं, बुजुर्गों को पेंशन हम दे रहे हैं। अन्नपूर्णा में फ्री राशन कांग्रेस ने दिया। गहलोत ने कहा कि 25 नवंबर अब दूर नहीं है, पब्लिक यह तय कर देगी कि उसे आमजन के हित की, जनता के फायदे की सरकार चाहिए या केवल बड़ी–बड़ी बातें बनाने वाली सरकार चाहिए। यदि आपको जनता के फायदे की सरकार बनानी है तो कांग्रेस को फिर से वापस लाना ही होगा।

# दिल्ली मेट्रो में आपत्तिजनक हरकतें न करें

## डीएमआरसी प्रमुख ने की जनता से अपील

नई दिल्ली,दिल्ली मेट्रो में लोग अक्सर विवादित हरकतें करते हैं, जिनके कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुए हैं। ऐसे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रमुख विकास कुमार ने लोगों से ऐसी 'आपत्तिजनक' हरकतें नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

विकास कुमार ने कहा, दस्ते समय–समय पर औचक निरीक्षण करते हैं और डीएमआरसी इस प्रकार की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भरसक कोशिश कर रहा है।

मेट्रो में यात्रा करने वाले कुछ लोग प्रसिद्धि पाने के लिए ट्रेन के अंदर या प्लेट-फॉर्म में मशहूर गाने पर डांस करते हैं और कोई अन्य उनका वीडियो बनाता है। वहीं कुछ ऐसे भी वीडियो सामने आए हैं जिनमें युवा जोड़े ट्रेन में अंतरंग होते नजर आए। एक ऐसा भी वीडियो 'एक्स' पर सामने आया जिसमें एक युवा लडक़ी काफी छोटे कपड़े पहने दिखाई दी, जिसके बाद सार्वजनिक स्थानों पर मर्यादा और व्यक्तिगत आजादी को लेकर ऑनलाइन बहस छिड़ी।

डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों को मेट्रो परिसर में हर जगह तैनात नहीं किया जा सकता, उन्होंने यात्रियों से ऐसी घटनाओं की जानकारी अधिकारियों को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम सबसे पहले ऐसे लोगों (जो ऐसी हरकतें करते हैं) की काउंसलिंग करने की कोशिश करते हैं। हम उन लोगों से अपील करते हैं कि वे समाज की हित में ऐसी आपत्तिजनक गतिविधियों में शामिल होने से बचें। एक व्यक्ति हर जगह मौजूद नहीं रह सकता। यह नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि अगर वे ऐसी आपत्तिजनक गतिविधियां देखें तो ऐसे लोगों को पकड़ें और अधिकारियों के संज्ञान में लाएं।

कुमार ने कहा, हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमने ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाई है। कई ऐसी गतिविधियों के बारे में लोगों को पता नहीं होगा क्योंकि हमने इन्हें रोका है। डीएमआरसी के मानदंडों और नियमों के तहत मेट्रो ट्रेन और स्टेशन पर अनधिकृत वीडियो बनाना प्रतिबंधित है, लेकिन दिल्ली मेट्रो में रील्स बनाने का चलन जारी है।

# ग्रैप—3 अभी भी लागू, ट्रकों पर से प्रतिबंध हटाया गयाः दिल्ली मंत्री



नई दिल्ली,दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को लोगों से सतर्क रहने और नियमों का पालन करना जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण 1, 2 और 3 अभी भी लागू हैं।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) उप–समिति ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर दिल्ली और इसके परिधीय क्षेत्रों में जीआरएपी चरण 4 की कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। मौजूदा वायु गुणवत्ता स्थितियों के जवाब में लिया गया यह निर्णय 5 नवंबर को जारी आदेश को रद्द करता है।

रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोपाल राय ने स्पष्ट किया कि ग्रैप चरण 1, 2 और 3 की स्थिति ग्रैप 4 के तहत प्रतिबंध हटाए जाने के बावजूद अभी भी प्रभावी है।

गोपाल राय ने कहा कि पिछले दो दिनों में वायु गुणवत्ता में सकारात्मक रुख रहा है और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 290 तक पहुंच गया है। उन्होंने दिल्ली और उत्तर भारत में जनता से सतर्क रहने और नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

मंत्री ने कहा कि वर्तमान में केवल ट्रक प्रवेश पर प्रतिबंध हटाया गया है, जबकि बीएस–3 और बीएस–4 डीजल और पेट्रोल वाहनों के राजधानी में प्रवेश पर अभी भी प्रतिबंध है। इन विशिष्टताओं वाली अंतरराज्यीय बसों को भी दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। गोपाल राय ने फ्लाईओवर, सडक़ विकास, फुट ओवरब्रिज (एफओबी), हाई पावर टेंशन लाइनें, मेट्रो, हवाई अड्डे और अन्य चल रही परियोजनाओं सहित कुछ निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध हटाने की भी घोषणा की।हालांकि, वायु गुणवत्ता में सुधार बनाए रखने के लिए धूल प्रदूषण से जुड़ी गतिविधियों, जैसे ढेर लगाना, खुदाई करना, ड्रिलिंग और बोरिंग पर प्रतिबंध जारी रहेगा।

# आधी आबादी ओबीसी की, आधा बजट इसी पर हो खर्च

## –राहुल गांधी ने फिर अलापा जातिगत जनगणना का राग



दौसा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दौसा में चुनावी सभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में पूरा फोकस जातिगत जनगणना पर ही रखा। उनका कहना था कि देश में ओबीसी की आबादी 50 फीसदी है। लेकिन बजट का 50 फ़ीसदी ओबीसी पर खर्च नहीं हो रहा। ओबीसी पर 50 फ़ीसदी बजट खर्च होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुस्तान में कोई जाति नहीं है, सब गरीब हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए बोले कि अब से पहले मोदी खुद को ओबीसी के बताते थे और 12–12 हजार करोड़ के हवाई जहाज खरीद रहे हैं। दिन में तीन बार कपड़े बदलते हैं। शीर्ष 90 अधिकारियों के साथ मोदी देश चलाते हैं। हर गरीब का बेटा आईएएस बनना चाहता है। जाति के प्रतिशत के हिसाब से अफसरों में गरीब का कितना प्रतिनिधित्व है। यह कोई नहीं जानता। देश के 90 बड़े अधिकारियों में ओबीसी के तीन और दलित अधिकारी तीन हैं, एक आदिवासी है। जबकि जाति प्रतिशत के हिसाब से इनमें पूरा प्रतिनिधित्व नहीं है। जब से हमने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया है, तब से प्रधानमंत्री मोदी ने ओबीसी का राग अलापना बंद कर गरीबी का राग शुरू कर दिया है। उनके भाषणों से ओबीसी शब्द गायब हो गया है।

राहुल ने कहा कि सबसे जरूरी आज देश में जातिगत जनगणना है। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। राहुल बोले कि मोदी ने 14 लाख करोड़ का कर्ज सिर्फ 10–15 अरबपतियों का माफ किया है। जबकि देश में जीएसटी सब बराबर देते हैं। इनमें आम आदमी भी उतना ही जीएसटी देता है जितना अडानी और अंबानी दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान सरकार 50 फ़ीसदी बजट पिछड़ों पर खर्च कर रही है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी को आदिवासी नहीं मानते, वनवासी बताते हैं। आदिवासी को जल, जंगल, जमीन का हक मिलना चाहिए।राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत मजाकिया अंदाज में की और लोगों से प्रश्न किया कि मूड कैसा है आपका? फिर पूछा ठीक है? राहुल बोले कि पिछली मीटिंग में भारत माता की जय का नारा दिया था। यह भारत मां आखिर है क्या? मैं संसद में भी यह सवाल पूछा था। भारत माता वाकई भारत की जनता है। हमारे मां–बाप और दादा–दादी हैं। लेकिन मोदी यह पता नहीं लगाना चाहते कि इनमें पिछड़े कितने हैं। जातिगत जनगणना का सवाल उठाया है। हमें यह पता लगाना जरूरी है कि किसकी कितनी आबादी है? तभी भारत मां की जय के नारे में शक्ति होगी। बस तभी से मोदी ने भाषण बदल दिया और नारा भी बदल दिया। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा डबल इंजन सरकार का नारा देती है। लेकिन हमने हिमाचल व कर्नाटक में इंजन बदल दिए। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरा इंजन ही नहीं सारे डिब्बे भी बदल जाएंगे।

## पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में चार आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक खुफिया आधारित सैन्य अभियान में चार आतंकवादी मारे गए, देश की सेना की मीडिया शाखा इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यह जानकारी दी।


रिपोर्ट के अनुसार, आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक खुफिया–आधारित ऑपरेशन चलाया, जिसके कारण आतंकवादियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

मारे गए आतंकवादियों में इब्राहिम उर्फ मूसा नामक एक उच्च मूल्य का लक्ष्य शामिल था, जो पाकिस्तानी कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अत्यधिक वांछित था।

आईएसपीआर ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए, जो कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

इसमें कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने आसपास की सीमाओं में अभियान शुरू कर दिया है।

# वर्ल्ड कप : डबल सेलिब्रेट नैनीताल में करेंगे पूर्व कप्तान एमएस धोनी



देहरादून। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी दुनिया से दूर इन दोनों उत्तराखंड की वादियो में घूम रहे हैं। जी हां आपको बता दें महेंद्र सिंह धोनी नैनीताल में हैं और वह आज नैनीताल में बैठकर ही वर्ल्ड कप मैच का लुप्त उठाएंगे।आपको यह भी बता दें कि उनकी धर्मपत्नी का भी आज ही जन्मदिन है तो आज वह डबल सेलिब्रेट करने को उत्साहित है। भारत को 2011 के वर्ल्ड कप में 28 वर्ष के बाद विश्व विजेता बनाने वाले पूर्व कप्तान एमएस धोनी उर्फ माही इस बार क्रिकेट की चमक दमक भरी दुनिया से दूर अपने नाम के अनुरूप कूल माहौल में नैनीताल में वर्ल्ड कप देखेंगे। धोनी ने भावुक होकर उस पल को याद किया था जब 2011 के फाइनल के अंतिम क्षणों में वे मैदान में थे और हजारों लोग सामूहिक रूप से इंडिया इंडिया के नारों के साथ... वंदे मातरम गा रहे थे। यह भी खास बात है कि आज 19 नवंबर को उनकी धर्मपत्नी साक्षी का जन्मदिन भी है और धोनी पत्नी के जन्मदिन के साथ ही भारत की जीत के पलों के साक्षी बनने के इच्छुक हैं। धोनी 2007 से 2017 तक सीमित ओवरों के प्रारूप में और 2008 से 2014 तक टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के कप्तान थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी के लिए खेलते और कप्तानी करते रहे हैं। इस दौरान और पहले भी उन्होंने हर मैच हजारों लाखों लोगों की मौजूदगी में खेला और देखा है।भारत को घरेलू मैदान पर 2011 आईसीसी विश्व कप जीते हुए 12 साल से अधिक समय हो गया है। तब तत्कालीन भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ जीत छक्के के साथ सुनिश्चित की थी। 1983 के बाद यह भारत की दूसरी विश्व कप जीत थी। हाल में धोनी ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल से पहले एक भावनात्मक बयान देते हुए कहा था कि 2011 के फाइनल में सबसे अच्छा एहसास मैच की समाप्ति से 15–20 मिनट पहले ही शुरू ही गया था, जब हमें ज्यादा रनों की जरूरत नहीं थी। साझेदारी बहुत अच्छी चल रही थी। फील्ड में काफी ओस थी और पूरा स्टेडियम वंदे मातरम गाने लगा।

# चाय बागान की भूमि को बेच रहे भूमाफिया

देहरादून। चाय बागान भी भूमि को खुर्द–बुर्द किए जाने का एक और प्रकरण सामने आया है। इस बार सीधे तौर पर चाय बागान की जमीन बेचने की जगह भूमाफिया किसी अन्य भूमि के दस्तावेजों के नाम पर चाय बागान की भूमि को बेच रहे हैं। यह मामला आरकेडिया ग्रांट स्थित चाय बागान की भूमि का है। जिलाधिकारी सोनिका को मिली इस शिकायत में जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। राकवेली अपार्टमेंट निवासी सलीम अहमद ने जिलाधिकारी को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि खसरा नंबर 784/3 शिवराज नगर में प्लाटिंग की जा रही है। इसके साथ ही प्लाट बेचे भी जा रहे हैं। शिकायत के मुताबिक यह खसरा नंबर चाय बागान का है। भूमाफिया इसे निजी भूमि बता रहे हैं और जो दस्तावेज लगाए जा रहे हैं, वह भूमि वास्तविक रूप से कहीं और ही है। इस तरह आसपास की भूमि के दस्तावेज लगाकर चाय बागान की भूमि को खुर्द–बुर्द किया जा रहा है। यह बात भी सामने आई है कि कुछ भूमि नगर निगम के अधिकार क्षेत्र वाली भी कब्जा ली गई है। प्रकरण में जिलाधिकारी सोनिका ने उपजिलाधिकारी ने भौतिक सत्यापन कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

22 बीघा भूमि पर प्लाटिंग, लेखपाल की भूमिका संदिग्धः आरकेडिया ग्रांट में चाय बागान की भूमि बेचे जाने का यह प्रकरण करीब 22 बीघा का है। इस प्रकरण में क्षेत्र के लेखपाल की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि, चाय बागान की भूमि राजस्व अभिलेखों में पहले से स्पष्ट है। इसके बाद भी चाय बागान की भूमि को बेचे जाने के मामले की जानकारी लेखपाल को न होना अपने आप में आश्चर्य की बात है।

भोलेभाले लोग बन रहे शिकारः चाय बागान की भूमि को बेचे जाने के मामले में भोलेभाले योग शिकार बन रहे हैं। अपनी खून–पसीने की कमाई लगाकर एक अदद प्लाट का ख्वाब देखने वाले नागरिकों को प्लाट के रूप में चाय बागान की जमीन बेची जा रही है। जिसका मतलब यह हुआ कि जांच की स्थिति में कभी भी यह जमीन उनके हाथ से फिसल सकती है।

## एक नजर

### दुर्गा मंदिर दानपात्र का ताला तोड़ हजारों की चोरी

रुड़की। देर रात्रि दुर्गा मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर दानपात्र का ताला तोड़ हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। चोरी होने की जानकारी उस समय लगी जब सुबह के समय पुजारी मंदिर पहुंचे। मंदिर के पुजारी ने मामले में तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर चोरों की तलाश में लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की के अंबर तालाब में नेहरू स्टेडियम के समीप स्थित दुर्गा चौक मंदिर में सुबह आए पुजारी ने देखा कि दान पात्र टूटा हुआ है और पैसे इधर से उधर बिखरे पडे हैं। मंदिर पुजारी की ओर से मामले की जानकारी समिति के पदाधिकारियो को दी गई। मौके पर पहुंचे पदाधिकरियों ने घटना से पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की गई। वही मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गये। मंदिर समिति पदाधिकारियों के अनुसार दान पात्र में लगभग 40 हजार की नगदी रही होगी।

### राठ समिति धूमधाम से 23 को मनाएगी इगास महोत्सव

देहरादून। राठ जन विकास समिति की कार्यकारिणी की बैठक में 23 नवंबर को होने वाली इगास की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। समिति द्वारा हर साल राज्य के इस पारम्परिक उत्सव को सामूहिक रुप से आयोजित किया जाता रहा है। अध्यक्ष शेखरानंद रतूड़ी की अध्यक्षता मे दून विश्वविद्यालय के खेल मैदान में हुई बैठक में इगास के मौक़े पर प्रस्तुत होने वाले संस्कृतिक कार्यक्रम, भेलो खेलने, रस्सा कस्सी(गैड़) खेलने की तैयारियों पर चर्चा की गई।

राठ जन विकास समिति ने इस वर्ष इगास महोत्सव के लिए मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिबेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत, महापौर सुनील उनियाल गामा, पूर्व विधायक गणेश गोदियाल, दून विवि की कुलपति सुरेखा डंगवाल, अध्यक्ष राज्य सहकारी संघ मातबर सिंह रावत समेत करीब एक हजार प्रवासी राठ परिवारों को आमंत्रित किया है। समिति की मीडिया प्रभारी मातबर सिंह कंडारी ने बताया कि इगास का आयोजन राज्य की विरासत, संस्कृति, बिलुप्त हो रही धरोहरों को संजोने और उन्हे नई पीढ़ी को हस्तांतरित करने के लिए लम्बे समय से किया जा रहा है।

# 21 को हरिद्वार जिले की तहसीलों में ज्ञापन देगी भारतीय किसान यूनियन एकताः फरमान त्यागी



रुड़की। गन्ना मूल्य घोषित किए जाने एवं बकाया करना भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता 21 नवंबर को जिले की सभी तहसीलों में ज्ञापन देगी। वही यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न किसान नेताओं को नई जिम्मेदारी भी सौंपी। भारतीय किसान यूनियन एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट फरमान त्यागी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मुबारक प्रधान को प्रदेश उपाध्यक्ष व मोहम्मद सदीक को जिला उपाध्यक्ष तथा मोहित चौहान को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया और इसी के साथ–साथ प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि गन्ना पेराई सत्र शुरू हो चुका है सभी मिलें चल रही है और किसान मिलन में गन्ना डाल रहा है परंतु सरकार ने अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है। इसलिए भारतीय किसान यूनियन एकता सरकार से मांग करती है कि जल्द से जल्द गन्ना मूल्य घोषित किया जाए और इसी के साथ–साथ पिछला बकाया भुगतान तुरंत कराया जाए। इसी के संबंध में उन्होंने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आने वाली 21 नवंबर को हरिद्वार जिले की सभी तहसीलों में भारतीय किसान यूनियन एकता पदाधिकारी सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे और सरकार से गन्ना मूल्य तय करने की मांग करेंगे।

उसके बावजूद भी अगर गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया जाता तो धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष फरमान त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, राष्ट्रीय सचिव शिफ्तैन प्रधान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राव सद्दाम अली, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, मुबारक प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष, मोहम्मद शारीक जिला उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सोनू त्यागी, सचिव मोहम्मद हारुन आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरी निकाली

विकासनगर। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर की ओर से पहली पहली प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा में गुरुवाणी का पाठ कर शबद कीर्तन किए गए। सुबह पांच बजे राजा रोड स्थित गुरुद्वारा से शुरू होकर मुख्य बाजार पहुंची।

प्रभात फेरी में शामिल संगत ह्यकर तारण गुरु नानक आय... का गायन करते हुए चल रहे थे। शबद कीर्तन के दौरान गुरु महिमा का वर्णन करते हुए सरदार नागपाल सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी जहां भी गए उन्होंने सदैव बराबरी की बात की। उनका मानना था कि समाज को धर्म जाति और लिंग जैसे किसी भी बिंदुओं के आधार पर बांटना नहीं चाहिए– इसी को लेकर कहा जाता है ह्यनानक नाम चढ़दी कला तेरे भाने सरबत दा भला... बताया कि प्रथम गुरु ने एक ओंकार का नारा दिया था। इसका मतलब होता है कि पृथ्वी के सभी प्राणियों का ईश्वर एक है और वही सच है, वही सब को बनाने वाला है। गुरु नानक जी का कहना था कि हमें जीवन में किसी भी विलासिता की चीज के पीछे नहीं भागना चाहिए, सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। ऐसा करने से लड़ाई झगड़े खुद ही समाप्त हो जाते हैं।

### युगल से लूटपाट में फरार तीसरा आरोपी भी दबोचा

हरिद्वार। नमामि गंगे घाट पर प्रेमी युगल पर हमला कर लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के आरोप में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी श्यामपुर पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से लूटी गई रकम के शेष पांच हजार रुपये, मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। पुलिस पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 नवंबर को नमामि गंगे घाट के पास काली माता मंदिर के पीछे एक गंगा घाट पर मौजूद युवक रॉनी माटा निवासी शिवालिक नगर और उसकी महिला मित्र के साथ मारपीट कर नकदी, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान लूट लिया गया था। वारदात को अंजाम देकर तीनों आरोपी फरार हो गए थे। पीड़ित युवक के भाई केसर माटा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। बताया कि 15 नवंबर को हाईवे पर चेकिंग के दौरान दो आरोपी भीम और शेखर दोनों निवासी चंडीघाट झुग्गी बस्ती को गिरफ्तार कर लिया था। उनके कब्जे से लूटी गई रकम में से 65 हजार की नकदी बरामद हुई थी।

# इंटरलॉकिंग टाइल से वायु प्रदूषण में लगेगी रोकः मेयर ममगाई

ऋषिकेश। साढे बाइस लाख की लागत से गायत्री मंत्रोच्चारण के बीच छह वाडी के इंटरलॉकिंग टाइल से सड़क निर्माण के कार्य का महापौर अनिता ममगाई ने नगर निगम प्रांगण में लोकार्पण किया। रविवार की दोपहर नगर निगम में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग टाइल कार्य के होने से वायु प्रदूषण को निश्चित ही थामा जा सकेगा। शहरवासियों एवं यहां आने वाले पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों को धूल मिट्टी से होने वाली समस्याओं से अब जूझना नही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि तीर्थ नगरी की छवि के अनुकूल पिछले लगभग पांच वर्षों से विकास के लिए सम्पूर्ण निगम बोर्ड के साथ वह प्रयासरत रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद शहर में अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ भरपूर विकास किया गया है। इस दौरान चेतन शर्मा, अनिल ध्यानी, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, राम किशन अग्रवाल, विवेक गोस्वामी, राजकुमारी



जुगलान, असर्फी रनावत, विजय लक्ष्मी, बृजपाल राणा, शेलेंदर रस्तोगी,कमलेश जैन, भूपेंद्र राणा, सुजीत यादव, रमेश अरोड़ा, अजय कालड़ा, प्रदीप गुप्ता, अनिल खेरवाल, ज्योति सहगल, गौरव सहगल, शेलेंदर रस्तोगी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस की उम्मीद

आंध्र प्रदेश से अलग नया राज्य बनवाने के बावजूद 2014 के चुनाव में कांग्रेस को राज्य की 119 में सिर्फ 21 सीटें मिली थीं। 2018 के चुनाव में कांग्रेस की सीटें घट कर 19 रह गईं। चुनाव से पहले ऐसा लग रहा था कि तेलंगाना में मुकाबला एकतरफा है और एक बार फिर चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति ही चुनाव जीतेगी। लेकिन मई में कर्नाटक में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत के बाद सब कुछ बदल गया। कर्नाटक में मुस्लिम मतदाताओं ने कांग्रेस को एकमुश्त वोट किया। इसके बाद ही तेलंगाना का माहौल बदला।

कर्नाटक के चुनाव से पहले भाजपा राज्य में बहुत सक्रिय थी लेकिन कर्नाटक के बाद अचानक वह शिथिल पड़ गई, जिससे यह प्रचार हुआ कि कांग्रेस को रोकने के लिए भाजपा ने चंद्रशेखर राव की पार्टी को रणनीतिक समर्थन दे दिया है। इससे भी मुस्लिम मतदाताओं का रूझान कांग्रेस की ओर बना। राज्य के रेड्डी मतदाता पारंपरिक रूप से कांग्रेस के साथ हैं। ऊपर से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस शर्मिला ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतारे और कांग्रेस को समर्थन दे दिया। भाजपा अब भी लड़ रही है लेकिन वह बहुत पीछे छूट गई है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी भी 119 में से सिर्फ नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इस वजह से मुकाबला बीआरएस बनाम कांग्रेस है।

कर्नाटक की जीत से उत्साहित कांग्रेस नेताओं ने तेलंगाना में पूरी ताकत लगाई है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने खूब मेहनत की है। कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खडगे की बनाई कांग्रेस कार्य समिति की पहली बैठक हैदराबाद में की और उसके बाद एक बड़ी रैली की। उसके बाद से कांग्रेस के बड़े नेता लगातार वहां डटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के आर्किटेक्ट रहे डीके शिवकुमार को वहां चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। के चंद्रशेखर राव की सरकार के खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कम्बेंसी भी एक फैक्टर है। सो, हालात की अनुकूलता, नेताओं की मेहनत, सामाजिक समीकरण और संसाधनों की वजह से कांग्रेस कड़ी टक्कर दे रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुकाबले तेलंगाना का मामला अलग है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दांव पर है तो मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस पिछली बार जीती थी।

# खुदसाख़्ता 'हिंदू हृदय सम्राट' नरेंद्र भाई

तमाम दुस्साध्य कोशिशों के भी हिंदू आबादी का 60–65 प्रतिशत हिस्सा नरेंद्र भाई की असहमति में मुठ्ठियां ताने खड़ा है तो वे काहे के एकछत्र 'हिंदू हृदय सम्राट'? सोचिए, वे कौन–से हिंदू हैं, जिनके दिल में नरेंद्र भाई बसे हैं झ सनातनी संस्कारों वाले करुणामयी, दयामयी, उदारमना हिंदू या सनातनी लताओं में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगा–लगा कर तैयार की गई महाकाय हिंदुत्व–सोच के अनुगामी हिंदू? सच बताइए, आप कैसा हिंदू होने पर गर्व करेंगे?

हमारे नरेंद्र भाई मोदी को उनके चाहने वाले 'हिंदू हृदय सम्राट' कहते हैं। मुझे नहीं मालूम कि उनके पहले यह ख़िताब भारतीय जनता पार्टी के पूर्वज झ भारतीय जनसंघ झ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी को मिला था या नहीं? मैं यह भी नहीं जानता कि जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा का असली पड़दादा है, उसके संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को हिंदू अपने हृदय का सम्राट मानते थे या नहीं? उनके बाद के संघ प्रमुखों महादेव सदाशिवराव गोलवलकर, मधुकर दत्तात्रय देवरस, राजेंद्र सिंह यानी रज्जू भैया और कुप्पाहल्ली सीतारमैया सुदर्शन को कभी किसी ने 'हिंदू हृदय सम्राट' का अलंकरण दिया या नहीं, यह भी मैं अज्ञानी नहीं जानता। आज के संघ प्रमुख मोहन भागवत के बारे में भी मैं ने यह नहीं सुना है कि वे हिंदुओं के हृदय सम्राट हैं। वे ख़ुद भी ऐसा कोई दावा करते मुझे कभी सुनाई–दिखाई नहीं दिए।

भारतीय जनसंघ के पहले अध्यक्ष रहे मौलिचंद्र शर्मा, प्रेमनाथ डोगरा, देबाप्रसाद घोष, पीतांबर दास, अवसराला रामराव, रघु वीरा, बच्छराज व्यास, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय के बारे में उनके 'हिंदू हृदय सम्राट' होने की कोई कथा मैं न तो नहीं सुनी है। सच बताऊं, मैं ने तो इनमें से कइयों के नाम भी नहीं सुने थे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी भारतीय जनसंघ के भी अध्यक्ष रहे और जब जनसंघ ने अपना निर्मोक परिवर्तन कर स्वयं को भारतीय जनता पार्टी की मुखाकृति प्रदान की तो उसके भी अध्यक्ष रहे। वाजपेयी को ज़रूर हिंदुओं के हृदय का आंशिक सम्राट माना गया, मगर आडवाणी अपने को थोप–थोप कर थक गए, पर सम्राट तो दूर, जागीरदार की पदवी भी हासिल नहीं कर पाए। भाजपा के अध्यक्ष रहे मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, के. जना कृष्णमूर्ति, मुप्पवरापु वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडक़री और अमित शाह ने कभी यह पगड़ी पहनने का ख़्वाब देखा हो, इस तक का भी कोई प्रमाण नहीं मिलता है। सो, मौजूदा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के मन में तो ऐसी सोच उपजना भी असंभव है।

अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा से बनने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री थे। 1996 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री बने तो सिर्फ़ 16 दिन ही गद्दी पर रहे। इत्ते–से समय में उनके 'हिंदू हृदय सम्राट' की तरह स्थापित होने का सवाल ही कहां उठता? लेकिन जब वे दूसरी बार 1998 में और तीसरी बार 1999 में प्रधानमंत्री बने तो 6 साल 64 दिन राजगद्दी पर रहे। इतना वक़्त हृदय सम्राट बनने के लिए काफी होता है। लेकिन मुझे क्या, किसी को भी, कभी ऐसा नहीं लगा कि वाजपेयी प्रधानमंत्री के पद का काम–धाम छोड़ कर हिंदुओं का हृदय सम्राट बनने की जी–तोड़ बैनर–पोस्टरी कोशिशों में लगे हुए हैं। अपने आप जितने हिंदुओं ने उन्हें अपने दिल में बसा लिया, वे उतने में ही ख़ुश थे। किसी के दिल में दरवाज़ा तोड़ कर जबरदस्ती या तिकड़में कर के चोर दरवाज़े से वे नहीं घुसे। वे हिंदू थे, संघ के प्रचारक भी रहे थे, संघ की शिक्षा–दीक्षा में ही उन्हें सोच–विचार की दिशा मिली थी, लेकिन जब वे प्रधानमंत्री के संवैधानिक पद पर बैठे तो संघ–भाजपा के बजाय भारत के प्रधानमंत्री हो गए।

नरेंद्र भाई मोदी भाजपा के दूसरे व्यक्ति हैं, जो भारत के प्रधानमंत्री के गरिमामय संवैधानिक पद की ज़िम्मेदारी संभाल रहे हैं। वे भी हिंदू हैं। वे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रह चुके हैं। मुझे लगे–न–लगे, आपको लगे–न–लगे, मगर उन्हें लगता है कि वे 'हिंदू हृदय सम्राट' हैं। उनके आराधकों के मन में तो यह भाव और भी गहरे धंसा हुआ है कि उनका आराध्य भारत और विश्व के सकल हिंदू समाज का एकमात्र और निर्विवाद हृदय सम्राट है। दिग्भ्रमित अनुचर मानते हैं कि उनके नरेंद्र भाई प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंदुओं के हृदय सम्राट नहीं बने हैं। वे तो अगर पहले से ही 'हिंदू हृदय सम्राट' न होते तो प्रधानमंत्री का सिंहासन उनका बेताबी से इंतज़ार ही न कर रहा होता। सो, अपने पाले के हिंदुओं के हृदय सम्राट तो वे गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के दो–तीन बरस के भीतर ही बन गए थे। दिल्ली पहुंचने में तो उन्हें दसेक बरस की देर हो गई। अगर वे एक दशक पहले रायसीना–पहाड़ी फ़तह कर चुके होते तो भारत अब तक हिंदू–राष्ट्र बन चुका होता।

जो हुआ, सो, हुआ। अच्छा हुआ या बुरा, कौन जाने? दस साल देर से ही सही, नरेंद्र भाई दिल्ली पहुंच गए और जब से पहुंचे हैं, दिन–रात अपने काम में लगे हैं। 282 के बाद 303 पर पहुंच गए, सो, प्रधानमंत्री बने रहने में कोई खतरा है नहीं। इसलिए भारत का प्रधानमंत्री बने रहने के कर्तव्य पथ पर चलते रहने से बड़ी प्राथमिकता उनके लिए 'हिंदू हृदय सम्राट' की उपाधि को हर हाल में अपनी मुट्ठी में बांधे रखना बन गई है। वे इसके लिए जो करना है, ताल ठोक कर करते हैं और जंगल में ऐसे मोर की तरह नहीं नाचना चाहते हैं, जिसे कोई देखे ही नहीं, सो, अपने किए को जन–जन तक पहुंचाने के लिए आधुनिक प्रचार तकनीकों के तमाम यंत्र–तंत्र–मंत्र झोंकने में भी कोई कोताही नहीं करते हैं।

कई बार मैं सोच में पड़ जाता हूं कि आखिऱ वे कौन–से हिंदू हैं, जिनका स्वयंभू हृदय सम्राट हमारे नरेंद्र भाई इतना सब करने–धरने के बाद बन पाए हैं? इस वक़्त जब मैं यह लिख रहा हूं, भारत की जनसंख्या–घड़ी मुझे बता रही है कि हमारी आबादी 1 अरब 43 करोड़ 36 लाख 3 हज़ार 720 हो गई है। मोटे अनुमान के मुताबिक़ देश की आबादी में 80 प्रतिशत हिंदू हैं। इसका मतलब हुआ कि भारत में आज 1 अरब 14 करोड़ 68 लाख 42 हज़ार 976 हिंदू हैं। क्या आपको लगता है कि नरेंद्र भाई इन सवा अरब गर्वीले हिंदुओं के हृदय सम्राट हैं?

2024 के आम चुनाव में जब कुल मतदाताओं की तादाद एक अरब होगी और उनमें से क़रीब 70 करोड़ अपने वोट देने जाएंगे तो 80 फ़ीसदी की मोटी गणना के मुताबिक़ 56–57 करोड़ हिंदू मतदान केंद्रों पा पहुंचेंगे। देखते हैं, इनमें से कितनों के वोट तब 'हिंदू हृदय सम्राट' को मिलते हैं? वैसे प्रसंगवश आपको बता दूं कि 2019 के जिस चुनाव में नरेंद्र भाई को 303 सीटों का बंपर बहुमत मिला था, उसमें क़रीब साढ़े 61 करोड़ मतदाता वोट देने गए थे। स्थूल गणना के अनुसार उनमें से तक़रीबन सवा 49 करोड़ मतदाता हिंदू थे। भाजपा को तब क़रीब 23 करोड़ वोट मिले थे। अर्थ हुआ कि वोट देने गए हिंदुओं में से सवा 26 करोड़ ने नरेंद्र भाई को ख़ारिज कर दिया था। 2014 में जब नरेंद्र भाई पहली बार दनदनाते हुए रायसीना पर्वत पर झंडा गाड़ने पहुंचे थे तो क़रीब साढ़े 55 करोड़ लोग मतदान केंद्रों पर अपनी राय ज़ाहिर करने गए थे। उनमें सवा 44 करोड़ से कुछ ज़्यादा हिंदू रहे होंगे। उस चुनाव में वोट देने गए हिंदुओं में से सवा 17 करोड़ ने भाजपा का समर्थन किया था और सवा 27 करोड़ ने नरेंद्र भाई को अस्वीकार कर दिया था।

जब बावजूद तमाम दैत्याकार और दुस्साध्य कोशिशों के भी हिंदू आबादी का 60–65 प्रतिशत हिस्सा नरेंद्र भाई की असहमति में मुठ्ठियां ताने खड़ा है तो वे काहे के एकछत्र 'हिंदू हृदय सम्राट'? सोचिए, वे कौन–से हिंदू हैं, जिनके दिल में नरेंद्र भाई बसे हैं झ सनातनी संस्कारों वाले करुणामयी, दयामयी, उदारमना हिंदू या सनातनी लताओं में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगा–लगा कर तैयार की गई महाकाय हिंदुत्व–सोच के अनुगामी हिंदू? सच बताइए, आप कैसा हिंदू होने पर गर्व करेंगे?

# आत्म—हानि की प्रवृत्ति

प्रदूषित शहरों की विश्व सूची में भारतीय शहर आज सबसे ऊपर आते हैं, तो यह कोई संयोग नहीं है। यह इस देश का अपना चयन है। जाहिर है, ऐसा भारतवासियों की सेहत– और यहां तक कि उनकी जान के लिए खतरा बढ़ाने की कीमत पर किया गया है।

खुद को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति एक दिमागी बीमारी है। कोई व्यक्ति ऐसी बीमारी से पीड़ित हो जाए, तो उसे मनोचिकित्सक के पास ले जाना पड़ता है। लेकिन अगर किसी समाज पर ऐसी सामूहिक प्रवृत्ति हावी हो जाए, तो उसका क्या इलाज है, यह समझना कठिन हो जाता है। यह मसला इसलिए अहम है, क्योंकि फिलहाल हमें भारतीय समाज के एक बड़े हिस्से में ऐसी प्रवृत्ति बढने के संकेत देखने को मिल रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस समय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों को जहरीली हवा में सांस नहीं लेना पड़ता। प्रदूषित हवा झेल रहे इस क्षेत्र के लोगों पर प्रकृति ने दिवाली से ठीक पहले रहम दिखाई।

**चीन की बढ़ती चुनौती के बीच हाल के वर्षों में अमेरिका ने भी भारत से अपने रिश्तों को खास तरजीह दी। इसके बावजूद निज्जर मामले में उसने भारत के रुख को स्वीकार नहीं किया है। हालांकि चीन संबंधी चिंता इतनी बड़ी है कि भारत में अपने रणनीतिक निवेश को वह झटके से खत्म करने की स्थिति में नहीं है, फिर भी इस विवाद ने पश्चिम के साथ आगे बढ़ रहे रिश्तों में एक अवरोध जरूर खड़ा कर दिया है। अब यह भारत को तय करना है कि उसकी निगाह में अमेरिकी धुरी से जुडने में किए अपने रणनीतिक निवेश को बचाना महत्त्वपूर्ण है, या एक साथ सभी धुरियों को चुनौती देते हुए आगे बढना।**

अचानक हुई बारिश ने वातावरण को स्वच्छ कर दिया। अगर समाज का विवेक कायम होता, तो लोगों की स्वाभाविक प्राथमिकता इस वातावरण की रक्षा करनी होती। लेकिन दिवाली को जिस सुनियोजित ढंग से वातावरण को फिर से जहरीला बनाया गया, अब वह बहुचर्चित कहानी है।

लेकिन बात सिर्फ यहीं तक नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने के आरंभ में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने राज्यों के बिजली मंत्रियों की एक बैठक आयोजित की। उसमें मुख्य रूप से नए कोयला संचालित बिजली संयंत्रों की स्थापना पर विचार किया गया। उसी रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा दशक भर बाद देखने को मिला है। जिस समय दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन की गति धीमी करने के लिए जीवाश्म ऊर्जा का उपयोग घटाने और अक्षय ऊर्जा पर जोर देने का रुझान है, स्पष्टतः भारत उसके उलटी दिशा में जा रहा है। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने जिस बेपरवाह रुख के साथ पर्यावरण संबंधी नियम–कानूनों में ढील दी है और उन पर अमल की निगरानी व्यवस्था को कमजोर किया है, उसका उल्लेख भी इस सिलसिले में किया जा सकता है। दरअसल, प्रदूषित शहरों की विश्व सूची में भारतीय शहर आज सबसे ऊपर आते हैं, तो यह कोई संयोग नहीं है।

# आबादी क्षेत्र में कुष्ठ आश्रम के विरोध में क्रमिक अनशन शुरू




हरिद्वार। आबादी के बीच कुष्ठ आश्रम बनाये जाने के विरोध में नवोदय नगर संघर्ष समिति ने अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। क्षेत्रीय पार्षद सिंहपाल सिंह सैनी ने कहा कि यदि प्रशासन ने उनकी मांग को नहीं माना तो एक सप्ताह बाद क्रमिक अनशन आमरण अनशन में तब्दील हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि कुष्ठ आश्रम को आबादी क्षेत्र से दूर बनाया जाए। नवोदय नगर और उसके आसपास की आवासीय कालोनी के निवासी क्षेत्र में बनाए जा रहे कुष्ठ आश्रम का लम्बे समय से विरोध कर रहे हैं। कुष्ठ आश्रम को नवोदय नगर क्षेत्र में न बनाये जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय निवासी धरना दे चुके हैं। पूर्व में एसडीएम के आश्वासन के बाद क्षेत्रीय लोगों ने अपने धरने को समाप्त कर दिया था। अपने इस संघर्ष को जारी रखने के लिए नवोदय संघर्ष समिति का गठन भी कर लिया गया था। रविवार को नवोदय नगर संघर्ष समिति के बैनर तले नवोदय नगर और उसके आसपास के क्षेत्र के लोगों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। क्षेत्रीय पार्षद सिंहपाल सिंह सैनी ने कहा कि हम कुष्ठ रोगियों के लिए बनने वाले आश्रम के पक्ष में हैं। लेकिन यह आश्रम आबादी क्षेत्र से दूर पेड़ पौधों वाले क्षेत्र में बनाना चाहिए।

जिससे रोगियों को शुद्ध वातावरण मिल सके। राकेश राजपूत ने कहा कि संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल कुष्ठ आश्रम को अन्य स्थानान्तरित करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक से वार्ता कर चुकी है। लेकिन आश्वासन से ज्यादा कुछ नहीं मिला। कांग्रेसी नेता राजबीर चौहान ने कहा कि शासन और प्रशासन की हठधर्मिता के आगे हम नहीं झुकने वाले। इस दौरान एमडी शर्मा, जयकिशन न्यूली, मानसिंह रावत, सुरेंद्र त्यागी, चंद्रमणी राय, अतुल गुसाई, दिनेश पांडेय, वत्स वर्मा, सचिन डागर, अभिषेक कृष्णा, सुखपाल प्रजापति, आलोक, देवी प्रसाद, सुनील कौशिक, राहुल पाल, ओमकार त्यागी, अशोक शर्मा, दीपक नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो सुनिश्चितः डीएम दीक्षित

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने पीएचसी पिलखी, तहसील कार्यालय घनसाली, थाना घनसाली व ब्लाक कार्यालय भिलंगना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की हिदायत देते हुए घनसाली क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। डीएम दीक्षित ने तहसील घनसाली व भिलंगना क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों का गहन निरीक्षण किया। ई ऑफिस (ऑनलाइन मोड) में फाइलों का संचरण करने के साथ ही पत्रावलियों को व्यवस्थित रूप से रखने एवं अनावश्यक सामग्री के निष्प्रयोज्य की कार्यवाही कर नीलामी करने, कार्यालय में आने वाले आगंतुकों की शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश देते दिए। कहा कि अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी हकीकत से भी रूबरू होने का काम करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी में डीएम ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, प्रसूति कक्ष, मेडिसन स्टोर, प्रसव पूर्व जांच कक्ष, नेत्र परीक्षण केंद्र, एएनसी एवं टीकाकरण कक्ष, नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई का निरीक्षण कर स्वास्थ्य उपकरण, दवाइयों, एम्बुलेंस, डॉक्टर, सीसीटीवी कैमरा, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, हाई रिस्क प्रेगनेंसी आदि के संबंध में जानकारी ली। जिसके बाद व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। हाई रिस्क प्रेगनेंसी को लेकर विशेष एहतियात बरतने की हिदायत दी। चिकित्सा अधिकारियों को हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं की सूची बनाकर उनका पूरा विवरण रखने तथा एएनएम और आशाओं के माध्यम से क्लोज मॉनिटरिंग करने को भी कहा। प्रसव शत–प्रतिशत संस्थागत करवाने के निर्देश दिए। पीएचसी में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से नव निर्मित एक्सरे मशीन कक्ष एवं पैथोलॉजी प्रयोगशाला का निरीक्षण कर एक्सरे मशीन को भी देखा। तहसील घनसाली कार्यालय में तहसील परिसर, पेशकार कक्ष, उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, राजस्व–फौजदार कार्यालय, नजारत कक्ष, संग्रह अधिष्ठान कक्ष, रजिस्ट्रार कानूनगो कक्ष, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम, तहसीलदार कक्ष, सभागार कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। ब्लाक भिलंगना में कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा ठीक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम घनसाली शैलेंद्र सिंह नेगी, तहसीलदार महेशा शाह, बीडीओ अर्जुन सिंह रावत, राजेश बिष्ट, डा उषा, एडीआईओ भजन भंडारी आदि मौजूद रहे।

# विधायक प्रीतम ने राइंका क्यारी को 11 लाख रुपये दिए

नई टिहरी। धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने जौनपुर ब्लॉक के राइंका क्यारी में सीसीटीवी कैमरें लगाने सहित अन्य डिजिटल उपकरणों के लिए 6 लाख रुपये तथा प्रार्थना मंच के लिये 5 लाख रुपये की धनराशि विधायक निधि से स्वीकृत की है। विधायक ने विद्यालय के विकास के लिये 11 लाख रूपये की धनराशि विधायक निधि से की है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष जनक बिष्ट ने बताया कि बीते 15 अगस्त को राइंका क्यारी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रीतम सिंह पंवार मुख्य अतिथि थे। पीटीए संघ और स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक ने विद्यालय में डिजिटलाइजेशन कार्य के लिए धनराशि देने की घोषणा की थी। बीते शनिवार को विधायक ने विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 11 लाख रुपये की धनराशि जारी करते हुए कार्यदायी संस्था को तत्काल कार्य शुरू करने और उच्च गुणवत्ता की डिजिटल सामग्री आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। कहा विधायक निधि से विद्यालय में फर्नीचर, कंप्यूटर, डिजिटल उपकरण के साथ अन्य शिक्षण कार्य होंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल रांगड़, ग्राम प्रधान प्रियंका रौंछेला, ललोटना प्रधान बबीता पंवार, बलदेव पंवार, गुरदयाल रांगड आदि लोगों ने विद्यालय के विकास के लिये धनराशि दिये जाने पर क्षेत्रीय विधायक का आभार जताया है।

## दिनेश नैनबाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने

नई टिहरी। नैनबाग में व्यापार मंडल की नई कार्यकारणी का गठन किया गया है। रविवार को नैनबाग में व्यापार मंडल की बैठक में दिनेश तोमर को अध्यक्ष, विनीत कैंतुरा और अनुपम चौहान को उपाध्यक्ष, अनिल कैंतुरा महामंत्री, राहुल राणा मंत्री, सुभाष सेमवाल संगठन मंत्री, मो.आरिफ प्रचार मंत्री, नरेन्द्र पंवार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके आलवा धनवीर रावत, सतीश नौटियाल, सुनील सजवाण और रणजीत रावत को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। व्यापारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से स्वागत किया।

# स्वामी यतीश्वरानंद ने किया जिपं योजना से बननी वाली सड़क निर्माण का शुभारंभ

## –जनसमस्याओं के निवारण को हमेशा तैयार हूं : स्वामी

हरिद्वार। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने जिला पंचायत की योजना से बनने वाली सड़क निर्माण का शुभारंभ करते हुए कहा कि सड़कों के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्य तेजी से चल रहे हैं।

रविवार को पूर्व मंत्री ने कहा कि सजनपुर बाहर पीली में जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन पोखरियाल के प्रस्ताव पर मुख्य मार्ग से लेकर गांव के अंदर तक की सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया। उन्होंने कहा कि लालढांग क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर हो रहे हैं। क्षेत्र में शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नए स्वास्थ्य केंद्र, शुद्ध जल के लिए ओवरहेड टैंक स्थापित करवाकर घर–घर तक पानी का कनेक्शन, सड़कों का जाल बनाने का काम तेजी से हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के निवारण के लिए



हमेशा तैयार रहते हैं। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, ग्राम प्रधान सजनपुर सुनील कुमार, श्यामपुर के प्रधान योगेश चौहान, गाजीवाली प्रधान देवेंद्र नेगी, मंडल अध्यक्ष सीमा चौहान, युवा अध्यक्ष पवन पंत, श्रेष्ठ कुमार चौहान, यादराम सैनी, यशपाल रावत, बबली सैनी, रणवीर सिंह चौहान आदि शामिल रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिद्वार। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने अलग–अलग कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी के नेतृत्व में सुभाष घाट स्थित कांग्रेस के कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया। महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष लता जोशी के संचालन में मयापुर स्थित यूनियन भवन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के कार्यालय पर भी इस अवसर गोष्ठी का आयोजन किया गया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी और कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर और वरिष्ठ नेता ओपी चौहान ने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर पब्लिक सेक्टर को मजबूती प्रदान की और भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने का कार्य किया। वरिष्ठ नेता राजबीर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल ने कहा कि इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनाकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप सीपी सिंह, पूर्व सभासद अशोक शर्मा, रिषभ वशिष्ठ, शुभम जोशी, वरुण बालियान आदि उपस्थित रहे। यूनियन भवन में महानगर महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मेयर अनिता शर्मा ने भाग लिया और



कार्यक्रम की अध्यक्षता बीना कपूर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. संतोष चौहान ने कहा कि इंदिरा गांधी दृढ़ निश्चय, दूर दृष्टि, आकर्षक व्यक्तित्व की धनी फौलादी महिला थी। मेयर अनिता शर्मा ने इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें एक कुशल राजनेता बताया, जिनका देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा, महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष लता जोशी, प्रदेश सचिव शशि झा, प्रदेश महामंत्री नलिनी दीक्षित , कविता वशिष्ठ, मीरा, विजय जोशी, सुमन अग्रवाल, सुभद्रा आर्य, प्रतिभा शर्मा, सुनीता,रचना शर्मा आदि मौजूद रही। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के कार्यालय पर हुई गोष्ठी में प्रदेश महासचिव डा संजय पालीवाल ने कहा कि हम इंदिरा गांधी के बताऐ रास्ते पर चलें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल और पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी लगातार 15 वर्षों तक प्रधानमंत्री रहकर विश्व में आयरन लेडी के रूप में मशहूर हुई। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनिल भास्कर, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष बिमला पांडे, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष रवीश भटीजा, मनोज सैनी, शुभम अग्रवाल, ललित वालिया, आकाश बिरला, महिला नेत्री सपना सिंह, रचित अग्रवाल, पार्षद मेहरबान खान, अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष शाहनवाज कुरैशी, ओबीसी के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, कार्तिक शर्मा, नवेज अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## इंस्टाग्राम पर चंपावत की शिक्षिका को दिल दे बैठी हरियाणा की लड़की

देहरादून। इंस्टाग्राम के जरिए हुई दोस्ती के बाद एक लड़की ने ऐसा कदम उठाया कि घर वाले भी हैरान हो गए। हरियाणा से सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर लड़की उत्तराखंड के चंपावत जिले के लोहाघाट में एक शिक्षिका के घर पहुंच गई। हरियाणा पुलिस ने सर्विलांस से लोकेशन ट्रेस कर इस युवती को लोहाघाट से बरामद कर लिया है। काफी समझाने के बाद यह युवती परिजनों के साथ लौटने के लिए तैयार हुई। हरियाणा के भिवानी से 23 वर्षीय यह युवती पिछले दिनों रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। युवती के पिता ने हरियाणा पुलिस में बेटी के गुमशुदगी दर्ज कराई। हरियाणा पुलिस ने युवती का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन चम्पावत जिले के लोहाघाट में ट्रेस हुई। हरियाणा पुलिस युवती के पिता को साथ लेकर लोहाघाट पहुंच गई। यहां एक सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षिका के घर से लापता युवती को स्थानीय पुलिस की मदद से बरामद कर लिया गया। लोहाघाट के थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में शिक्षिका और युवती की इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती होने की बात सामने आई। दोस्ती इस कदर परवान चढ़ी कि दोनों ने एक साथ रहने का फैसला कर लिया। इस फैसले के बाद युवती घर पर बिना बताए हरियाणा से लोहाघाट आ पहुंची। स्थानीय पुलिस के साथ हरियाणा पुलिस जब शिक्षिका के घर पहुंची तो युवती और शिक्षिका ने एक साथ रहने की जिद को लेकर काफी देर हंगामा किया। समझाने के बाद भी दोनों साथ रहने की जिद पर अड़े थे।

# पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं जेनिफर विंगेट




जेनिफर विंगेट एक लंबे ब्रेक के बाद स्क्रीन पर वापसी के लिए तैयार हैं. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए खुद इसकी अनाउंसमेंट की है. खास बात यह भी है कि एक्ट्रेस एक बार फिर अपने पुराने को–स्टार करण वाही के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देने वाली हैं. बता दें कि इससे पहले जेनिफर और करण एक साथ टीवी सीरियल दिल मिल गए में नजर आए थे. दर्शकों को उनकी जोड़ी बहुत पसंद आई थी.

जेनिफर ने अपने इंस्टाग्राम पर करण वाही और शो के डायरेक्टर अनिरुद्ध राजदेरकर के साथ कुछ फोटोज शेयर की है. फोटोज में एक्ट्रेस उनके साथ पोज देते और स्क्रिप्ट पर काम करती दिखाई दे रही हैं. पोस्ट के साथ जेनिफर ने कैप्शन में लिखा– बैक इन, चीज़ों का झुकाव और कैसे, सच में एक लंबे ब्रेक के बाद!! राजदेरकर के साथ वापसी और मेरे वाहिंदर के साथ काम करना + उसी दिन 17एम में रिंग करना!! जश्न मनाने का क्या तरीका है! वाकई में जश्न मनाने का दिन!

दरअसल जहां एक तरफ जेनिफर करण के साथ कमबैक कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 17 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं. ऐसे में एक्ट्रेस के लिए यह डबल सेलिब्रेशन का मौका है.

जेनिफर आखिरी बार क्राइम ड्रामा वेब शो कोड एम में दिखाई दी थीं. सीरीज में तनुज विरवानी, आलेख कपूर, रजत कपूर और मधुरिमा रॉय जैसे कलाकार शामिल थे. अब एक्ट्रेस अनिरुद्ध राडेरकर और करण वाही के साथ फिर से काम करने के लिए एक्साइटेड हैं. बता दें कि जेनिफर विंगेट और करण वाही के साथ रीम शेख भी सीरीज का हिस्सा होंगी. सीरीज दो बहनों की लव स्टोरी पर बेस्ड होगी. इससे पहले रीम शेख तुझसे है राब्ता, फनाः इश्क में मरजावां और तेरे इश्क में घायल जैसे सीरियल्स में लीड रोल निभी चुकी हैं.जेनिफर विंगेट की बात करें तो वे आखिरी बार छोटे पर्दे पर बेहद सीजन 2 में शिविन नारंग के साथ नजर आई थी. यह 2020 में खत्म हो गया था और तब से ही जेनिफर ने छोटे पर्दे पर काम नहीं किया. इसके बाद वे कोड एम 2 में दिखाई दी थीं.

# सलमान की टाइगर 3 ने पार किया 160 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा



टाइगर 3 न सिर्फ सलमान खान, बल्कि 2023 की भी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार थी, जिसे दिवाली के खास मौके पर हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।फिल्म ने रिलीज होने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए।टाइगर 3 दर्शकों के दिलों और सिनेमाघरों पर राज कर रही है।अब फिल्म की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर 3 ने चौथे दिन 22 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 169 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म ने दुनियाभर में 240 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।टाइगर 3 ने 44.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने 59 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन फिल्म 44 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।टाइगर 3 में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री कैटरीना कैफ के साथ बनी है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म में इमरान हाशमी भी मुख्य भूमिका में हैं।इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।टाइगर 3 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है और टाइगर फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है।बता दें, हाल ही में सलमान ने टाइगर 3 की सफलता का सारा श्रेय दर्शकों को दिया था।

# कपिल शर्मा लेकर आ रहे नया शो, नेटफ्लिक्स से मिलाया हाथ




एक्टर कपिल शर्मा दुनिया भर में अपने फैंस के लिए फ्रेश, नए और एक्साइटिंग कॉमेडी के साथ एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्टैंडअप कॉमेडी और टॉक शो के अपने पूरे गैंग को लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कपिल के साथ, हंसी की पावरहाउस अर्चना पूरन सिंह, फैंस के पसंदीदा कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा और राजीव ठाकुर हैं। इसका ऐलान करते हुए होस्ट ने कहा, घर बदला है, परिवार नहीं !प्रोमो वीडियो में कपिल को यह कहते हुए सुना जा सकता है, मैंने कहा था कि हमारे नए घर में सब कुछ नया होना चाहिए, फिर आप यह पुराना क्यों ले आए?जैसे ही वह फ्रिज खोलता है तो उसमें अर्चना बैठी हुई दिखाई देती हैं। कपिल अपने मैनेजर से पूछते हैंः उन्हें यहां किसने बुलाया? सबसे पहले, फ्रिज इतना पुराना है, और अंदर की चीज और भी पुरानी है! वीडियो में अन्य कलाकारों की झलक दिखाई गई है। कपिल के मैनेजर कहते हैंः सभी को जाने दो?, जिस पर कपिल जवाब देते हैंः हमने अपना घर बदला है, अपना परिवार नहीं।नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने कहा, कपिल शर्मा बड़े एंटरटेनर हैं जिनकी विरासत और कॉमेडी ने उन्हें कई सालों तक पूरे भारत में एक घरेलू नाम बना दिया है।यह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग होगी।

# चियान विक्रम की ध्रुव नक्षत्र मूवी का ट्रेलर रिलीज

बहुमुखी अभिनेता चियान विक्रम अभिनीत और नायिका के रूप में रितु वर्मा की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म ध्रुव नक्षत्रम का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्माण प्रतिभाशाली निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन ने ओन्ड्रागा एंटरटेनमेंट और ओरुवुरिलिओरु फिल्म के बैनर तले किया है।

फिल्म ध्रुव नक्षत्रम दो भागों में रिलीज होने वाली है, पहली किस्त ध्रुव नक्षत्र, अध्याय 1 युद्ध कंदम इस महीने की 24 तारीख को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ध्रुव नक्षत्र, अध्याय 1 युद्ध कंदम का हाल ही में रिलीज़ हुआ ट्रेलर कहानी की एक झलक प्रदान करता है।ट्रेलर में, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) टीम के एक वरिष्ठ अधिकारी अपने पेशे में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हैं, खासकर मुंबई में आतंकवादी हमले से निपटने के दौरान। वह बताते हैं कि कानून की बाधाएं उनके प्रयासों में बाधा डाल रही हैं, जिससे बेसमेंट नामक एक गुप्त टीम का गठन हो रहा है, जो कानूनी सीमाओं के बाहर काम करती है।



चियान विक्रम द्वारा अभिनीत जॉन, इस गुप्त टीम में एक विशेषज्ञ अधिकारी के रूप में उभरता है, जिसमें 11 सदस्य शामिल हैं।

ट्रेलर में गुप्त टीम के हिस्से के रूप में आतंकवादियों के साथ जॉन की मुठभेड़ों का एक रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उच्च–स्तरीय एक्शन दृश्यों और भव्य उत्पादन मूल्यों का प्रदर्शन किया गया है। चियान विक्रम जॉन की भूमिका में स्टाइलिश और करिश्माई दिखाई देते हैं। गौरतलब है कि फिल्म में निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन भी अहम भूमिका में हैं।

कलाकारों में चियान विक्रम, रितु वर्मा, आर. पार्थिबन, आर. राधिका सरथ कुमार, सिमरन, विनायकन, दिव्य दर्शिनी, मुन्ना साइमन, वामसी कृष्णा, सलीम बेग, सतीश कृष्णन, माया एस. कृष्णन और अन्य शामिल हैं।

# जूनियर एनटीआर की देवरा टीम ने फिर से शूटिंग की शुरू



दिवाली की छुट्टी के बाद ग्लोबल स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का निर्माण फिर से शुरू हो गया है। एक बार फिर इसकी शूटिंग आगे बढ़ रही है। टीम अब फीचर के कुछ सबसे अहम हिस्सों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म निर्माताओं ने एक बयान जारी किया, त्योहार के चलते अवकाश के बाद, हमारी टीम सेट पर वापस आ गई है। देवरा पार्ट 1 5 अप्रैल, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

फिल्म की शूटिंग के कुछ अंश पहले सामने आए थे, जिसमें कई जूनियर कलाकारों को दुश्मनों के रूप में अभिनय करते हुए दिखाया गया था। इसमें स्टंटमैन एक सीन को कोरियोग्राफ कर रहे थे, जो एक ब्लडी एक्शन सीन था, जहां जूनियर एनटीआर को स्पष्ट रूप से लाशों के ढेर पर खड़ा होना था।

फिल्म ने आखिरी शूटिंग अपडेट अक्टूबर में दिया था जब उन्होंने गोवा में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी।राज्य की शांत सुंदरता का इस्तेमाल करते हुए, देवरा के कुछ सबसे बड़े सीन को गोवा में शूट किया जाएगा।शुरुआत में यह वन पार्ट वाली फिल्म थी, निर्देशक शिवा कोर्तला ने बाद में खुलासा किया कि देवरा को इसके रनटाइम, इसकी जटिल कहानी और इसके समग्र कैनवास के कारण दो भागों में विभाजित किया जाएगा, जो सावधानीपूर्वक विस्तृत था।

## मनोज बाजपेयी की जोरम की रिलीज तारीख आई सामने, 8 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवड के जाने–माने अभिनेता मनोज बाजपेयी पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म जोरम को लेकर चर्चा में हैं।फिल्म में तनिष्ठा चटर्जी और राजश्री देशपांडे जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अब तक कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित की जा चुकी है।अब जोरम सिनेमाघरों के दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म 8 दिसंबर को दर्शकों के बीच आएगी। टिकट खिडक़ी पर जोरम का सीधा सामना कैटरीना कैफ की मैरी क्रिसमस से होने वाली थी लेकिन मैरी क्रिसमस की रिलीज तारीख बढ़ा दी गई है वरना ऐसे में यह देखना दिलचस्प होता कि दोनों फिल्मों में से कौन–सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करती। जोरम एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो अपने अतीत और वर्तमान के बीच फंसा हुआ है।


जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338